कार्यालय / Office
वन सूचना विज्ञान प्रभाग
Forest Informatics Division
दै०सं० 424 Diary No.
दिनांक 21-12-17 Dated

सं० 33023/1/08–हिं०
हिंदी अनुभाग, वन अनुसंधान संस्थान

विषयः अखिल भारतीय वैज्ञानिक एवं तकनीकी संयुक्त हिंदी संगोष्ठी का आयोजन।

उपरोक्त विषय के संबंध प्रशासनिक अधिकारी एवं नामित राजभाषा अधिकारी, रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन, यंत्र अनुसंधान तथा विकास संस्थान के पत्र की प्रति सभी प्रभाग प्रमुख, वन अनुसंधान संस्थान को आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

20/12/2017

प्रभारी अधिकारी
हिंदी अनुभाग
वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

## विशेष जानकारी

देश के किसी भी राज्य से वायु मार्ग, रेल मार्ग तथा सड़क यातायात द्वारा देहरादून आसानी से पहुँचा जा सकता है।

देहरादून शहर के चारों ओर पर्वतमालाएं आच्छादित हैं, इस कारण जनवरी माह में यहां सर्दी काफी अधिक होती है। न्यूनतम तापमान लगभग 5°C तथा अधिकतम तापमान 15°C होता है।

अत: प्रतिभागियों से अनुरोध है कि अपने साथ मौसम के अनुसार गर्म कपड़े लेकर आएं।

## संपर्क अधिकारी

1. **श्री पुनीत वाशिष्ठ**
   वैज्ञानिक-जी
   संगोष्ठी संयोजक
   दूरभाष- 0135-2782584

2. **श्रीमती लता मैनाली**
   वैज्ञानिक-एफ
   उपाध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति
   दूरभाष- 0135- 2782273
   मो. 9410744236

3. **श्री अजय मिश्रा**
   वैज्ञानिक-ई
   संगोष्ठी सह संयोजक
   दूरभाष- 0135- 2782304

## पंजीकरण प्रपत्र

सेवा में,

निदेशक
यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान
(आई.आर.डी.ई.)
रायपुर रोड, देहरादून- 248001

इस प्रयोगशाला/स्थापना से निम्नलिखित वक्ता प्रतिभागियों को संगोष्ठी हेतु नामित किया जाता है-

नाम ........................................................................

पदनाम ....................................................................

शोध पत्र/लेख का शीर्षक ...............................................

आगमन की तिथि एवं समय ..............................................

प्रस्थान की तिथि एवं समय .............................................

प्रयोगशाला/स्थापना का नाम एवं पता ...............................

आवास- आवश्यकता है / आवश्यकता नहीं है ....................

...............................................................................

दूरभाष:

फैक्स:

ई-मेल: हस्ताक्षर

# संगोष्ठी विवरणिका

## अखिल भारतीय वैज्ञानिक एवं तकनीकी संयुक्त हिन्दी संगोष्ठी

**23-24 जनवरी, 2018**



**विषय-** रक्षा क्षेत्र में प्रकाशीय प्रौद्योगिकी, संचार, कृषि एवं प्रबंधन तकनीक

**संगोष्ठी स्थल-** यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान (आई.आर.डी.ई.), रायपुर रोड, देहरादून-248008

आयोजक
यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान (आई.आर.डी.ई.) देहरादून
एवं
रक्षा इलेक्ट्रोनिकी प्रयोज्यता प्रयोगशाला (डील), देहरादून

## उद्देश्य

राजभाषा नीति, नियमों, निर्देशों का अनुपालन एवं कार्यान्वयन करते हुए इस संयुक्त हिन्दी संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य 'रक्षा क्षेत्र में प्रकाशीय प्रौद्योगिकी, संचार, कृषि एवं प्रबंधन तकनीकी' विषय से जुड़े विभिन्न उपविषयों के विशेषज्ञों को राजभाषा हिन्दी के माध्यम से विचार-विमर्श हेतु एक मंच प्रदान कर राष्ट्र हित में नवीनतम जानकारियों का आदान-प्रदान करना है। संगोष्ठी का उद्देश्य संगोष्ठी के विषय से संबंधित नवीनतम जानकारियों का ज्ञानार्जन करने के साथ-साथ शोधकर्ताओं को राजभाषा हिन्दी माध्यम से शोध कार्य करने की प्रेरणा मिले, उनके द्वारा हिन्दी में लिखे गये शोध पत्रों से रक्षा सेवाओं के साथ-साथ सामान्य जन भी लाभान्वित हो।

**परिचय-** प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण देवभूमि उत्तराखण्ड के पर्वतांचलों से निस्सृत पावन गंगा-यमुना के मध्य सुरम्य शैल शिखरों से आच्छादित देहरादून में स्थित प्रमुख रक्षा संस्थान 'यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान' भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन का अग्रणी संस्थान है। यह संस्थान आज आधुनिकतम रात्रि दृष्टि यंत्रों, लेजर आधारित उपकरणों, प्रकाशीय एवं विद्युत प्रकाशीय संयंत्रों, तापीय प्रतिबिम्बकों, फायर कन्ट्रोल प्रणालियों तथा फोटोनिक्स के क्षेत्र में हमारी सशस्त्र सेनाओं की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विभिन्न राष्ट्रोपयोगी अनुसंधान तथा विकास के क्षेत्र में निरन्तर कार्य करते हुए राष्ट्र की प्रगति में अग्रसर है। यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान (आई.आर.डी.ई.) में समय-समय पर विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर हिन्दी संगोष्ठियों का आयोजन होता रहा है। इसी दिशा मे आगे बढ़ते हुए वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्षेत्र में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के प्रयोजन से डी.आर.डी.ओ. के उत्तराखण्ड क्लस्टर की चारों प्रयोगशालाओं आई.आर.डी.ई., देहरादून, डी.ई.ए.एल. (डील), देहरादून, आई.टी.एम., मसूरी तथा डी.आई.बी.ई.आर. (डिबेर), हल्द्वानी के संयुक्त प्रयास से इस संस्थान में 23-24 जनवरी, 2018 को 'रक्षा क्षेत्र में प्रकाशीय प्रौद्योगिकी संचार, कृषि एवं प्रबंधन तकनीक' विषय पर दो दिवसीय अखिल भारतीय वैज्ञानिक एवं तकनीकी संयुक्त हिन्दी संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

*संगोष्ठी में शोध पत्र/लेख प्रस्तुति का माध्यम हिन्दी रहेगा।*

## संगोष्ठी हेतु सहभागी प्रयोगशालाओं से संबंधित उपविषय

- ★ तापीय प्रतिबिंबन
- ★ सीकर एंड फ्यूजेज
- ★ फोटोनिक्स
- ★ प्रकाशीय यांत्रिक अभियांत्रिकी
- ★ एयरोस्टेट प्रौद्योगिकी
- ★ बिम्ब विश्लेषण
- ★ सैटकॉम संचार
- ★ यांत्रिक अभियांत्रिकी
- ★ तटीय निगरानी
- ★ प्रौद्योगिकी प्रबंधन
- ★ संगठनात्मक व्यवहार (स्ट्रेसमैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट)
- ★ जैव ईंधन तकनीकी
- ★ सैन्य आवश्यकताओं हेतु जैव विज्ञान
- ★ लेजर तकनीकी
- ★ लक्ष्य भेदन प्रणालियां
- ★ विद्युत प्रकाशिकी
- ★ सीमा निगरानी
- ★ नेटवर्क एवं सुरक्षा
- ★ रेडियो संचार
- ★ डाटा लिंक प्रणाली
- ★ ट्रोपो भौगोलिक सूचना
- ★ प्रणाली
- ★ गुणवत्ता प्रबंधन
- ★ प्रोजेक्ट मैनेजमेंट (टीम बिल्डिंग, रिस्क मैनेजमेंट)
- ★ उच्च हिमालयी क्षेत्रों में सैन्य
- ★ आवश्यकताओं हेतु पोलीहाउस तकनीकी

## अन्य उपविषय

- ★ स्वच्छ भारत अभियान
- ★ नवीन हिन्दी सॉफ्टवेयर एवं उसके अनुप्रयोग
- ★ भौगोलिक सूचना प्रणाली
- ★ रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इण्डिया'
- ★ राष्ट्रीय सुरक्षा एवं हिमालयी पर्यावरण संरक्षा संबंधी भविष्य की प्रौद्योगिकी
- ★ अपनी प्रयोगशाला से संबंधित वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्य

## शोध पत्र/लेख तैयार करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश

ए-4 साइज के कागज में चारों ओर एक इंच का हाशिया देकर शोध पत्र/लेख टाइप होना चाहिए। लेख में अनुसंधान एवं विकास के कार्य का सिद्धान्त प्रस्तावना में देते हुए, कार्य का विवरण, महत्त्वपूर्ण परिणाम व उपयोगिताएं तथा अंत में निष्कर्ष संदर्भ इत्यादि लिखा जाना अपेक्षित है।

लेख की भाषा सरल हिन्दी हो तथा ऐसे वैज्ञानिक/तकनीकी शब्दों का प्रयोग करने का प्रयास किया जाए जिससे लेख रोचक व बोधगम्य बने। लेख में परिणामों से संबंधित ग्राफ व चित्र 300 डी.पी.आई. रिजोल्यूशन के साथ जे.पी.जी. फार्मेट में यथासंभव प्रस्तुत किए जाएं।

सभी लेख एरियल यूनिकोड एमएस (साइज 12) में ए-4 साइज के कागज में टाइप किए जाएं। प्रत्येक पैरा के बाद एक स्पेस छोड़ें। पूर्ण शोध पत्र/लेख की शब्द सीमा अधिकतम 2000 शब्द है। टंकित शोध पत्र/लेख का सारांश एक पेज (200 शब्द) तथा पूर्ण लेख की एक प्रति फैक्स या डाक (स्पीड पोस्ट) एवं सोफ्ट कॉपी तथा पंजीकरण प्रपत्र ई-मेल से दिनांक 20 दिसम्बर 2017 तक अवश्य भेज दें।

## शोध पत्र/लेख भेजने हेतु पता


निदेशक,<br>
यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान<br>
(आई.आर.डी.ई.)<br>
रायपुर रोड, देहरादून- 248008 (उत्तराखण्ड)


## शोध पत्र/लेख भेजने हेतु फैक्स व ई-मेल पता


फैक्स- 0135-2787161, 2787128<br>
ई-मेल- amishra@irde.drdo.in